Tet Qualify Para Teachers Aggitation Withdraw After 65 Days in Jharkhand

RANCHI : सहायक शिक्षक के पदों पर सीधी नियुक्ति की मांग को लेकर गवर्नर हाउस के पास 65 दिन से धरना पर बैठे टेट पास पारा शिक्षकों ने आंदोलन वापस ले लिया है। मंगलवार को सांसद रामटहल चौधरी और खिजरी विधायक रामकुमार पाहन के आश्वासन के बाद उन्होंने धरना समाप्त करने का फैसला लिया। मौके पर सांसद व विधायक और टेट पास पारा टीचर नेता बजरंग प्रसाद और मनोज यादव के बीच वार्ता हुई। उन्होंने सीएम के पास इस मामले को रखने का आश्वासन टेट पारा शिक्षक संघ को दिया। सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि अगर 15 अगस्त तक सीधी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू नहीं होगी तो वे भी टेट पास पारा शिक्षकों के समर्थन में आंदोलन करेंगे.

ऑक्सफोर्ड स्कूल में वन महोत्सव

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के जूनियर विंग में मंगलवार को धूमधाम से वन महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में क्लास फाइव तक के बच्चों ने अपने परफॉर्मेंस से सभी का दिल जीत लिया। क्लास टू के बच्चों ने पोएट्री और क्लास थ्री, फोर व फाइव के बच्चों ने सिंगिंग में जलवा बिखेरा। इस मौके पर ईद की शुभकामनाओं के साथ शांति और भाईचारे का संदेश बच्चों को दिया गया। इस मौके पर स्कूल के डायरेक्टर डॉ एसबीपी मेहता, सीनियर विंग के प्रिंसिपल सूरज शर्मा, जूनियर विंग की प्रिंसिपल रश्मि बख्शी श्रावणी, वाइस प्रिंसिपल एके सिंह, आरके झा, ए.फातिमा और निशा के अलावा काफी संख्या में टीचर्स व स्टूडेंट्स मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर सेंट मेरीज, चिरंजीवी और बचपन प्ले स्कूल में भी ईद सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया.